Seat No. : _______________

# MB-146

**March-2019**

**M.A., Sem.-I**

**402 : Hindi**

**(सैद्धान्तिक भाषा–विज्ञान)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचनाएँ :** (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित क्रम के अनुसार ही लिखें ।

(2) निम्नलिखित प्रश्न क्रमांक 1 और 2(ब) में से किन्हीं **चार** तथा प्रश्न क्रमांक 3 और 4(ब) में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर या एक–दो वाक्य में दीजिए ।

1. (अ) भाषा की परिभाषा देकर उसके प्रमुख अभिलक्षण बताइए । **14**

**अथवा**

भाषा–परिवर्तन के कारण एवं दिशाएँ सोदाहरण बताइए ।

(ब) सही विकल्प चुनकर तथा **एक–दो** वाक्य में उत्तर दीजिए : **4**

(1) भाषाविज्ञान की प्रमुख शाखाएँ कितनी हैं ?

(a) तीन (b) पाँच

(c) चार (d) दो

(2) मनुष्य एक से अधिक भाषा सीख सकता है, इसका कारण क्या है ?

(a) विविधता (b) अनुकरण ग्राह्यता

(c) यादृच्छिकता (d) अंतरंगता

(3) 'वर' शब्द का अर्थ पहले श्रेष्ठ था, पर अब इसका प्रयोग 'दूल्हे' के अर्थ में होता है – यह किसका उदाहरण है ?

(a) पद परिवर्तन (b) शब्द परिवर्तन

(c) अर्थ परिवर्तन (d) वाक्य परिवर्तन

(4) शब्दों की वाक्य–रचना में क्या भूमिका है ?

(5) स्वन–विज्ञान के अंतर्गत किसका अध्ययन होता है ?

(6) क्या व्यक्तिगत कारण भी भाषा–परिवर्तन का एक कारण है ?

2. (अ) वागवयवों का परिचय देकर उनके कार्य संक्षेप में बताइए। **14**

**अथवा**

हिन्दी के स्वनों का परिचय देकर उनका वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

(ब) सही विकल्प चुनकर तथा **एक–दो** वाक्य में उत्तर दीजिए : **4**

(1) अल्पप्राण और महाप्राण ध्वनियाँ किसके आधार पर निर्धारित होती हैं ?

(a) मात्रा के आधार पर (b) नाद के आधार पर

(c) प्राणत्व के आधार पर (d) प्रयत्न के आधार पर

(2) भोजन–नली के निकट, श्वास नली के पास यह आवरण होता है, जिससे भोजन का कोई कण श्वास नली में न जाने पाए।

(a) स्वर यंत्र (b) काकल

(c) स्वर तंत्री (d) स्वर–यंत्र मुख

(3) अग्र, मध्य और पश्च–स्वरों के वर्गीकरण के क्या आधार हैं ?

(a) जिह्वा (b) कंठ्य

(c) दंत्य (d) ओष्ठ्य

(4) स्वन विज्ञान पहले किस नाम से जाना जाता था ?

(5) मूर्धन्य का अर्थ वास्तव में क्या होता है ?

(6) स्वनिम–विज्ञान के संबंध में सर्वप्रथम व्यवस्थित सैद्धान्तिक विवेचन किसने किया ?

3. (अ) रूपिम की अवधारणा स्पष्ट कीजिए एवं उसके भेदों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। **14**

**अथवा**

रूप–परिवर्तन के कारण एवं भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ब) सही विकल्प चुनकर तथा **एक–दो** वाक्य में उत्तर दीजिए : **3**

(1) 'यौगिक' शब्द भेद किस आधार पर होता है ?

(a) व्युत्पत्ति (b) शोध

(c) रचना (d) इतिहास

(2) "शब्द कर्ण से उपलब्ध, बुद्धि से ग्राह्य तथा प्रयोग से स्फुटित होने वाली आकाश व्यापी ध्वनि है" – यह परिभाषा किसकी है ?

(a) पतंजलि (b) वामन

(c) पाणिनि (d) भामह

(3) किसी एक भाषा के रूपिम का दूसरी भाषा के रूपिम से क्या संबंध होता है ?

(4) रूपिमों का पृथक्करण किन दो मुख्य रूपिमों में होता है ?

(5) रूप–परिवर्तन के अंतर्गत क्या सरलता ही प्रयत्न लाघव है ? समझाइए।

4. (अ) वाक्य की अवधारणा स्पष्ट करिए एवं वाक्य के अनिवार्य तत्त्वों की चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

वाक्य–परिवर्तन के कारणों का सोदाहरण परिचय दीजिए ।

(ब) सही विकल्प चुनकर तथा **एक–दो** वाक्य में उत्तर दीजिए : **3**

(1) 'अभिहितान्वयवाद' का परिवर्तन किसने किया ?

(a) भर्तृहरि (b) रामचंद्र शुक्ल

(c) विश्वनाथ (d) कुमारिल भट्ट

(2) आचार्य प्रभाकर ने वाक्य एवं वाक्यार्थ के लिए किस सिद्धांत का प्रतिपादन किया ?

(a) पद–संबंध बोध (b) अभिहितान्वयवाद

(c) अन्विताभिधानवाद (d) वाक्य प्रदीप

(3) भर्तृहरि पद को 'काल्पनिक' खण्ड मानते हैं और उसकी स्वतंत्र सत्ता को नकारते हैं – इस दृष्टि से पद का वाक्य से पृथक क्या महत्व है ?

(4) वाक्य–रचना में 'चयन' का संबंध उन पदों से होता है – जो अर्थवान होते हैं – समझाइए ।

(5) क्रियाविहीन वाक्य अधिकतर मुहावरों में ही मिलते हैं – एक उदाहरण देकर समझाइए ।

---